कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 09-03-2025

विषय:- नाबालिग लड़की से छेडखानी तथा धमकी देने वाले वांछित अभियुक्त को थाना दशाश्वमेध पुलिस ने किया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध व प्रभारी निरीक्षक दशाश्वमेध के नेतृत्व में थाना दशाश्वमेध पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना दशाश्वमेध कमिश्नरेट वाराणसी पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित वांछित अभियुक्त शुभम कुमार पुत्र बब्लू भारती निवासी एन 14/43 सरायनन्दन खोजवा थाना भेलुपुर वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष को दिनांक 09.03.2025 को पाण्डेय घाट थाना दशाश्वमेध के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना दशाश्वमेध पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण- शुभम कुमार पुत्र बब्लू भारती निवासी एन 14/43 सरायनन्दन खोजवा थाना भेलुपुर वाराणसी उम्र करीब 25 वर्ष।

पूछताछ विवरण:- अभियुक्त द्वारा अभिकथित किया गया कि मैं उस लडकी से प्यार करता था। वह लड़की मेरी बहन की दोस्त थी इसलिए वह मेरे घर आती जाती रहती थी। कल मैनें उससे अपने प्यार का इजहार किया तो वह शोर मचाने लगी तब मैने सिर्फ उसे धमकाया था कि अगर मुझसे प्यार नही करोगी तो तेजब फेंक कर तुम्हारा चेहरा खराब कर दूंगा।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक- 09.03.2025, स्थान- पाण्डेय घाट थाना दशाश्वमेध के पास।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री योगेन्द्र प्रताप सिंह थाना दशाश्वमेध , कमिश्नरेट वाराणसी।
2. का0 संजय कुमार यादव, थाना दशाश्वमेध, कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना दशाश्वमेध, कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल,
पुलिस उपायुक्त जोन-काशी
कमिश्नरेट वाराणसी